दिन– सोमवार दिनांक– 18 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश से आज से भोजपुरी समाचार के प्रसारण की होगी शुरूआत। राज्य के विभिन्न केंद्रों से शाम छह बजकर पांच मिनट से समाचारों का होगा प्रसारण।

02. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए कल से पंचायत स्तर पर शुरू होगा राज्यव्यापी सहयोग शिविर।

03. राज्य में नई खनिज संशोधन नियमावली लागू हुई। बालू–पत्थर की ओवर लोडिंग पर पांच लाख रुपये तक का लगेगा जुर्माना।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। मौसम विभाग ने आज बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिले में लू की चेतावनी जारी की।

---

आकाशवाणी पटना का प्रादेशिक समाचार एकांश आज से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू कर रहा है। भोजपुरी समाचार आकाशवाणी, पटना समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों से शाम छह बजकर पांच मिनट से प्रसारित किये जायेंगें। बुलेटिन की शुरूआत के अवसर पर वाल्मिकी नगर सांसद सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

––प्रोमो––

भोजपुरी समाचार बुलेटिन को न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी सुना जा सकता है। इसके अलावा ये समाचार प्रादेशिक समाचार एकांश के यूट्यूब चैनल, एआइआर न्यूज अंडर स्कोर पटना पर भी उपलब्ध होगा। गौरतलब है आकाशवाणी पटना से पहले से ही हिंदी, उर्दू और मैथिली भाषाओं में प्रादेशिक समाचार बुलिटनों का प्रसारण हो रहा है।

---

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए कल से पंचायत स्तर पर राज्यव्यापी 'सहयोग शिविर' की शुरुआत हो रही है। सात निश्चय–तीन के सबका सम्मान, जीवन आसान विजन के तहत इस पहल का मुख्य

उद्देश्य सरकारी सेवाओं और प्रशासनिक तंत्र को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। ये शिविर प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

सहयोग शिविरों में जिला पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी खुद मौजूद रहकर स्थानीय स्तर पर मामलों का निपटारा करेंगे। इन शिविरों के माध्यम से राशन, पेंशन, आवास, मनरेगा, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि विवाद, दाखिल–खारिज, सीमांकन, जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सरकार ने निर्देश दिया है कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का समाधान अधिकतम 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। ऐसा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर से भी इन शिकायतों की सीधी निगरानी की जाएगी। जनता की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर एक एक शून्य शून्य और सहयोग पोर्टल भी क्रियाशील कर दिया गया है। समाचार कक्ष से डॉ. सविता पारीक।

---

राज्य में बिहार खनिज संशोधन नियमावली दो हजार छब्बीस प्रभावी हो गयी है। इसके तहत बालू–पत्थर के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक के लिए कड़े प्रावधान किये गए हैं। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

नियमावली के तहत पट्टाधारी द्वारा वाहन पर वैध चालान से अधिक मात्रा में बालू या पत्थर लादने की स्थिति में अब पहली बार ऐसे प्रत्येक वाहन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। एक महीने में जुर्माना का भुगतान नहीं करने या एक से अधिक बार उल्लंघन होने पर खनन पट्टा को तीन माह तक के लिए निलंबित भी किया जा सकता है। इसके बाद भी उल्लंघन बरकरार रहने पर जिलाधिकारी को स्थायी रूप से खनन पट्टा रद्द करने का अधिकार दिया गया है। नियमवाली के प्रावधानों के तहत लघु खनिज का परिवहन केवल विशिष्ट रंग से रंगे और ढंके हुए वाहनों से ही करना होगा। बिना ढंके लघु खनिज के परिवहन पर अब प्रति टैक्टर पांच हजार जबकि अन्य बड़े वाहन के लिए पच्चीस हजार जुर्माना वसूला जायेगा। खनिज परिवहन के दौरान वाहन में लगे जीपीएस डिवाइस में छेड़छाड़ करने या उसे बंद करने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगेगा। आशीष रंजन आकाशवाणी समाचार पटना।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम से अस्सी अग्निशमन वाहनों और एआई आधारित आधुनिक अग्निशमन नियंत्रण कक्ष का लोकापर्ण करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद रहेंगे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जलाशयों के आस–पास पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत ईको–टूरिज्म की सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिये हैं। पटना में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

और लोगों को रोजागार के नये अवसर मिलेंगे। श्री चौधरी ने पर्यटन के विकास के अन्य संभावित क्षेत्रों पर भी अधिकारियों को तेजी से काम करने के निर्देश दिये।

---

पटना के लोक भवन में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत गोवा, महाराष्ट्र और सिक्किम का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए तीनों राज्यों के निवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी भारतीयों को प्रत्येक राज्य की विशेषताओं को जानना जरूरी है। इससे हम अपने देश को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

---

प्रदेश में वर्ष दो हजार पच्चीस के दौरान शराब पीने के मामलों में एक लाख अट्‌ठाईस हजार चार सौ सत्तर लोगों की गिरफ्तारी हुई। इनमें पटना जिले में सबसे अधिक पंद्रह हजार छह सौ पचहत्तर, जबकि शिवहर में सबसे कम 1078 लोग गिरफ्तार हुए। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री मदन सहनी ने बताया कि शराब बिक्री और सेवन के मामले में नौ लाख इकतालीस हजार आठ सौ सत्तावन छापेमारी हुई। वहीं, एक लाख सात हजार आठ सौ इक्यावन केस दर्ज हुए। बीते वर्ष सैंतालीस लाख छह हजार तीन सौ इक्यानवे लीटर शराब जब्त हुई। श्री सहनी ने बताया कि अवैध शराब कारोबार से जुड़े दस हजार चार सौ अट्‌ठाईस वाहन जब्त किये गए।

---

प्रदेश में गुमशुदा या लापता बच्चों का पूरा विवरण मिशन वात्सल्य पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, द मेंटल हेल्थकेयर एक्ट के प्रावधानों को थाना स्तर पर लागू करने के लिए खासतौर से निर्देश दिये गए हैं। पुलिस मुख्यालय के स्तर से इससे संबंधित एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इसके तहत अगर कोई बच्चा मिल जाता है, तो इसकी जानकारी भी इस पोर्टल पर दर्ज कराते हुए डाटाबेस को अपडेट रखना है।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतर स्थानों पर तापमान में और बढ़ोतरी

हो सकती है। विभाग ने आज बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिले में लू की चेतावनी जारी की है।

––साउंड बाइट––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बक्सर का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ, कैमूर बयालीस दशमलव छह और शेखपुरा का बयालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, औरंगाबाद का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव सात तथा गया, पटना, जीरादेई और जहानाबाद का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

---

इधर, भीषण गर्मी के चलते पटना जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को दिन के ग्यारह बजे तक ही संचालित करने का आदेश जारी किया है। जिले के सभी सरकारी, निजी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र इसके दायरे में आएंगे। यह आदेश इक्कीस मई तक लागू रहेगा।

---

ई–शिक्षा कोष ऐप पर अब शिक्षकों को स्कूल परिसर से चौंतीस मीटर के दायरे में ही रहकर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। पहले यह दायरा पांच सौ मीटर निर्धारित था। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बारहवीं की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क में कमी की है। सीबीएसई ने शुल्क को सात सौ रुपये से घटाकर सौ–सौ रुपये करने की घोषणा की है। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन में यदि किसी छात्र के अंक बढ़ते हैं तो उसे शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

---

अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा है कि जल्द ही जोगबनी से देवघर के लिए नई रेल सेवा की शुरूआत होगी। फारबिसगंज रेलवे स्टेशन पर अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इसके साथ ही जोगबनी–कटिहार मेमू सेवा की भी शुरूआत होगी।

---

बिहार और झारखंड को जोड़ने वाले मनिहारी–साहेबगंज गंगा नदी सेतु निर्माण कार्य इस वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।

––साउंड बाइट––

---

बकरीद का त्योहार अट्ठाईस मई को मनाया जाएगा। पटना स्थित इमारत–ए–शरिया और मरकज़ी मजलिस रुयते हिलाल खानकाह मुजीबिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल बकरीद का चांद नजर नहीं आया। इसके चलते उन्नीस मई को ज़िल हिज्जा की पहली तारीख होगी।

---

सासाराम रेलवे स्टेशन पर खड़ी भभुआ–सासाराम पटना इंटरसिटी एक्प्रसेस ट्रेन की एक बोगी में आज सुबह आग लग गयी। आग लगते ही यात्रियों के बीच भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जनरल बोगी– डी थ्री में जलने की गंध महसूस हुई। इसके बाद बोगी के भीतर धुंआ भरने लगा। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

---

गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के गंभीरा गांव के पास बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी के साथ असामाजिक तत्वों ने दुर्व्यवहार किया। साथ ही उनके सुरक्षाकर्मियों से हाथापाई भी की गई। विधायक की शिकायत पर मोहनपुर थाने में सात नामजद सहित बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के चमनपुर गांव में कनकई नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गयी। वहीं, सहरसा जिले के नवहट्टा में कोसी नदी में नहाने के दौरान दो किशोरियों की डूबने से मौत की खबर है।

---

सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र के मोहनी महुआ गाछी में अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी और रुपये से भरा बैग लूट कर फरार हो गए।

---

पश्चिम चंपारण जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से एक करोड़ बत्तीस लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राजगीर में एक माह तक चलने वाले मेले का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन। मलमास मेले में श्रद्धालुओं को सुरक्षा सुविधा मिलेगी।

**दैनिक जागरण** लिखता है – अदानी समूह बिहार में अगले दो–तीन साल में पचास से साठ हजार करोड़ का निवेश करेगा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – बेगूसराय में देशव्यापी साइबर ठगी का खुलासा, एक अकेले खाते के खिलाफ दो सौ पांच शिकायतें।

**दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – रेडिमेड गारमेंट हब बना पूर्वी चंपारण, कपड़ों की चार सौ तिरानवे फैक्ट्रियों ने बदली चंपारण की तस्वीर।

**राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – देश के आठ राज्य भीषण गर्मी की चपेट में। पारा चालीस डिग्री के पार।

**आज अखबार** लिखता है – सूबे के सभी पांच सौ चौंतीस मॉडल स्कूल बीस मई से चलेंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश से आज से भोजपुरी समाचार के प्रसारण की होगी शुरूआत। राज्य के विभिन्न केंद्रों से शाम छह बजकर पांच मिनट से समाचारों का होगा प्रसारण।

02. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए कल से पंचायत स्तर पर शुरू होगा राज्यव्यापी सहयोग शिविर।

03. राज्य में नई खनिज संशोधन नियमावली लागू हुई। बालू–पत्थर की ओवर लोडिंग पर पांच लाख रुपये तक का लगेगा जुर्माना।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। मौसम विभाग ने आज बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिलें में लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।